## सार.समाचार

### परशुराम यात्रा का बहुमान

**देवास।** भगवान विष्णु के छठें अवतार भृगुवंशीय राज राजेश्वर चिरंजीवी भगवान परशुराम जन्मोत्सव शौर्य यात्रा का प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर द्वार पर मंचासीन अखिल भारतीय संत समाज, अखिल भारतीय पुजारी संघ तथा महामण्डेलश्वर द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ कर श्यामवेद पाठ द्वारा वैदिक परम्परा से पूजन अर्चन किया गया। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा परशुराम जी की भव्य शौर्य यात्रा शहर में निकाली गई। अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य पं. गोपालकृष्ण जोशी (क्षिप्रा आरती पुजारी उज्जैन) के सानिध्य में संत समाज ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष पं. ओ.पी. तिवारी, पं. शिवनारायण पाठक, पं. राजेश पाठक, पं. प्रदीप शास्त्री, पं. निंकुज पाठक, पं. अमित पाठक, पं. गोविंद दुबे, पं. अनुज पाठक एवं कई युवा साथियों की उपस्थिति में जयघोष द्वारा शौर्य यात्रा का स्वागत किया गया।

### गर्मी को देखते हुए वृद्धाश्रम में पंखा किया भेंट

**देवास।** मई माह की चिलचिलाती गर्मी में वृद्धजनों को गर्मी से राहत के लिए कथक के कई विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी कुं. काव्या प्रवीण जैन, इंदौर ने अपनी स्वयं की अर्जित राशि का सदुपयोग कर वृद्धाश्रम बसेरा में वृद्धों के लिए पंखा भेंट किया। इस अवसर पर अनिल जैन , डॉ. अनुपम जैन , जगदीप पन्नालाल जैन एवं अरुण जैन उपस्थित थे।

### कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत दी जानकारियां

**देवास।** म.प्र.उ.शि.विभाग के निदेर्शानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा तृतीय चरण अंतर्गत जिले के विभिन्न हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यो से सम्पर्क कर हाई सेकंडरी उत्तीर्ण छात्राओं के व्हाट्सएप ग्रुप में कॉलेज चलो अभियान समिति के सदस्यों को जोड़ा गया एवं विद्यालयों में महाविद्यालय के बेनर एवं विविध जानकारी (संचालित पाठ्यक्रम उपलब्ध खेल सुविधा, लेब सुविधा, एनएसएस, सांस्कृतिक एवं छात्रावास सुविधा शासन की समस्त छात्रवृत्तियों) प्रदान की। इसके अतिरिक्त भमण में महाविद्यालय शिक्षकों द्वारा उच्च शिक्षा में नवीन शिक्षा पद्धति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिले की विभिन्न विद्यालयों में जाकर पम्पलेट एवं बैनर वितरित किये गये। प्रत्येक विद्यालयों में छात्राओं, शिक्षकों एवं प्राचार्य से भेंट कर विभिन्न जानकारियां दी गई।

---

**एक वर्ष बाद भी एप्रोन को नहीं किया गया रिपेयर**

# सुरजना स्थित कालीसिंध नदी पर बने स्टापडेम का एप्रोन क्षतिग्रस्त

### गत वर्ष नदी में आई बाढ़ से हो गया था क्षतिग्रस्त

देवेन्द्र गेहलोत ♦ पीपलरावां

ग्राम सुरजना-इकलेरामाताजी के बीच स्थित कालीसिंध नदी पर बने स्टाप डेम की एप्रोन गत वर्ष नदी में आई बाढ़ के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, किंतु अभी तक विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभाग द्वारा अभी तक इसके रिपेयर के लिए कोई योजना तैयार नहीं की गई है। जिसके कारण इस वर्ष बाढ़ आने की स्थिति में स्टाप डेम को नुकसान हो सकता है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को उठाना पड़ सकता है। गौरतलब है कि कालीसिंध नदी पर करीब 8 वर्ष पूर्व जल संसाधन विभाग द्वारा तीन करोड़ की लागत से स्टाप डेम का निर्माण करवाया गया था। स्टाप डेम बनने से आसपास के करीब 10 गांवों के किसानों को रबि सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होता है।





#### गत वर्ष आई बाढ़ ने एप्रोन को किया क्षतिग्रस्त

स्टाप डेम को नुकसान से बचाने के लिए कांक्रीट एवं पत्थर की एक संरचना बनाई जाती है जिसे एप्रोन कहते हैं। गत वर्ष बारिश के सीजन में नदी में आई बाढ़ के कारण एप्रोन क्षतिग्रस्त हो गई थी, किंतु विभाग द्वारा एक वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक इसके रिपेयर की कोई योजना नहीं बनाई है। ग्राम सुरजना निवासी नरेंद्र सेंधव, कुमेर सिंह सेंधव व बलवान सेंधव ने बताया कि एप्रोन की यदि अभी रिपेयर नहीं किया गया तो स्टाप डेम को नुकसान पहुंच सकता है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। क्षेत्र के किसानों ने शीघ्र ही इस एप्रोन को रिपेयर करने की मांग की है।

#### क्या बोले जिम्मेदार

- मैं एसडीओ को निर्देशित करता हूं।

  **एलएस जादौन**
  **कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग देवास।**

- रिपेयरिंग का प्राक्कलन तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजते हैं।

  **ऋषिराज चहा**
  **एसडीओ जल संसाधन विभाग।**

---

# वित्तीय अनियमितता करने पर 16 पटवारियों की सेवा समाप्त

### पूर्व में हो चुकी है दो पटवारी और दो लिपिक की सेवा समाप्त

दबंग दुनिया ♦ देवास

फसलक्षति मुआवजा वितरण में वित्तीय अनियमितता के करने पर कन्नौद-खातेगांव-सोनकच्छ अनुभाग में पदस्थ 16 पटवारियों की संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सेवा समाप्त की गई है। जिसमें बंशीलाल डाबर, प्यारसिंह सोलंकी, अमित कुशवाह, दिनेश सिसोदिया, दिलीप यादव, भैयालाल नरगावे, महेन्द्र मण्डलोई, नंद किशोर शर्मा, अनिरूद्ध यादव, अनिल धुर्वे, रायसिंह देवड़ा, विकास सरोठिया, नवीन धीमान, अर्जुन वर्मा, रामोतार जोनवाल, अजय चौधरी की सेवा समाप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय अनियमितता पर पूर्व में पटवारी अनिल मालवीय तहसील टोंकखुर्द, पटवारी समरथलाल जांगडे तहसील टोंकखुर्द तथा सहायक ग्रेड तीन तहसील कार्यालय कन्नौद राहुल कर्मा, सहायक ग्रेड तीन तहसील कार्यालय सोनकच्छ राहुल माली की भी सेवा समाप्त की गई।

### चोरों पर कार्रवाई को लेकर शिकायत

**देवास।** नेवरी चौकी अंतर्गत ग्राम महुखेड़ा में चोरों के आतंक से किसानों परेशान है। आए दिन गांव में कुएं की मोटर चोरी होने की घटना बढ़ गई है। इसी की शिकायत लिए ग्राम महूखेडा निवासी संतोष पाटीदार सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय आवेदन लेकर पहुंचे। आवेदन में बताया कि मेरे खेत से विगत दिनों चोरो ने मोटर चोरी की थी, जिसकी शिकायत नेवरी चौकी पर की, किंतु स्थानीय पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। खेत पर दूसरी बार चोर जब मोटर चुराने के लिए पहुंचे तो ग्रामीणों के आ जाने के कारण अपना वाहन छोडकर भाग गए थे।

---

# नगर निगम करेगी रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के प्रति शहरवासियों को जागरूक

### छत का पानी अब नहीं बहाएंगे व्यर्थ, जल संरक्षण को लेकर प्रारंभ होगा अभियान

दबंग दुनिया ♦ देवास

बारिश का पानी छत से नीचे गिरकर व्यर्थ बह जाता है। छत से गिरने वाले पानी को संग्रहित करने में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके माध्यम से बारिश के पानी को सीधे बोरिंग में उतारा जाता है। इससे गर्मी के दिनों में भी वॉटर लेवल बना रहता है। बारिश का पानी व्यर्थ ना बहे, इसके लिए नगर निगम शहरवासियों को रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के प्रति प्रेरित करेगी। ऐसा होने से भूजल स्तर भी बना रहेगा और गर्मी के दिनों में भी पानी की किल्लत नहीं उठाना पड़ेगी। शहर में बड़ी संख्या में बोरिंग, हैंडपंप सहित अन्य पेयजल स्त्रोत हैं, लेकिन रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग की संख्या बहुत कम है। अब नगर निगम इसके लिए अभियान प्रारंभ कर रही है। छत का पानी सीधे बोरिंग में पहुंचे इसके लिए रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए तकनीकी सहयोग भी नगर निगम प्रदाय करेगी। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया, कि जल संरक्षण के लिए रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम समय की आवश्यकता है। जिन घरों में बोरिंग है, उन्हें अवश्य ही यह सिस्टम लगवाना चाहिए। इसके माध्यम से बोरिंग में गर्मी के दिनों में भी जलस्तर बना रहता है। इस संबंध में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने गत दिवस जल संरक्षण पर कार्य करने वाली संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक की। महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने कहा, कि भूजल स्तर को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए शहरवासियों को प्रेरित करना है। उन्हें जो भी तकनीकी सहयोग चाहिए, वह नगर निगम देगी। शहरवासियों को प्रेरित करने में जल संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्थाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

#### कुएं-बावड़ियों की सफाई का काम भी शुरू



इधर वर्षाकाल से पूर्व कुएं-बावड़ियों की सफाई का कार्य भी नगर निगम ने सोमवार से प्रारंभ कर दिया है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि शहर में स्थित 26 कुएं-बावड़ियों की सफाई का कार्य निगम की टीम द्वारा प्रारंभ किया जा रहा है। सोमवार को वार्ड 23 के कालानी बाग, हटेसिंह गोयल कॉलोनी शीतला माता मंदिर के पास बावड़ी की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। इसी प्रकार नगर निगम सीमा में स्थित पुलिस लाइन बावड़ी, खारी बावड़ी पठान कुआं, गायत्री विहार मंदिर की बावड़ी, शीतला माता मंदिर की बावड़ी, रामनगर मंदिर की बावड़ी, रामनगर एक्सटेशन का कुआं, अलकापुरी का कुआं, रानी बाग की बावड़ी, अन्नपूर्णा नगर का कुआं, एकता नगर का कुआं, त्रिलोकनगर का कुआं, निमाड़ नगर का कुआं, विकास नगर राम मंदिर का कुआं, नौशराबाद का कुआं, बिराखेड़ी का कुआं, आनंद ऋषि नगर का कुआं, गौमती नगर का कुआं, मेंढकीचक की बावड़ी, भोलेनाथ मोहल्ला का कुआं, नाथ मोहल्ला का कुआं, सोमेश्वर मंदिर का कुआं, गवली मोहल्ला राधाबाई स्कूल का कुआं सहित मीरा बावड़ी की सफाई का कार्य किया जाएगा। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बताया, कि सफाई के साथ ही कुएं-बावड़ियों की सुरक्षा हेतु मुंडेर एवं जाली लगाने सहित रिपेयरिंग का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने कुएं-बावड़ियों कचरा व अन्य सामग्री नहीं डालने के लिए शहरवासियों से अपील भी की है।

#### बिना मुंढेर के कुएं होने पर 9 केस दर्ज

खुले बोरिंग और बिना मुंढेर कुएं होने से जन हानि होने संभावना होती है। देवास जिले में खुले बोरिंग और बिना मुढेर के कुएं होने पर संबंधित स्वामी पर कार्यवाही की जा रही है। खातेगांव अनुभाग में बिना मुंढेर के कुएं होने पर 09 व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसमें दुदवास निवासी गुड्डु पिता फेज अली, दिनेश पिता रामचन्द्र, शिवलाल पिता हजारी, लाड खां पिता इज्जत खां, सुनील पिता बद्री, जुब्बो बी पति नसीब निवासी गोलपुरा, रमेश पिता बद्रीनाथ निवासी रंथा, कैलाशदास पिता ब्रदीदास निवासी रंथा, ओमप्रकाश पिता जगदीश ऊइके निवासी रंथा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

---

# किराया जमा नहीं करने पर नगर निगम ने दुकानों पर लगाया ताला

### एक दुकानदार ने जमा करवाए दुकान किराए के 80 हजार रुपए

दबंग दुनिया ♦ देवास

स्टेशन रोड पर नगर निगम के स्वामित्व का 52 दुकान मार्केट है। यहां पर ऐसे दुकानदार, जिन्होंने समय पर दुकान किराया जमा नहीं किया था, उनकी दुकानों पर सोमवार को नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने तालाबंदी कर दुकानें सील की।



आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने हेमंतकुमार अर्जुन दास पर 77 हजार 623 रुपए बकाया होने पर उनकी दुकान पर ताला लगाया था। दुकानदार ने हाथोंहाथ चालू माह तक के 80 हजार रुपए चेक के माध्यम से जमा किए। इस पर उनकी दुकान का ताला खोल दिया गया। इसी प्रकार राजेंद्रकुमार छोटेलाल पर 33 हजार 588 रुपए, भेरूसिंह पिता गोरीलाल पर 37 हजार 217 रुपए बकाया थे। इन्होंने लंबे समय से नगर निगम को किराया जमा नहीं करवाया था। इस पर कार्रवाई के दौरान दुकानों को ताला लगाकर सील किया गया। इस प्रकार की कार्यवाही समस्त बकाया दुकानदारों पर जारी रहेगी। नगर निगम देवास ऐसे समस्त बकाया दुकानदारों से आग्रह करता है कि वह भी अपनी बकाया राशि निगम कार्यालय में आकर जमा करावे। अन्यथा की अवस्था में तालेबंदी की कार्रवाई की जावेगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर शिक्षक के खाते से 62 हजार रुपए उड़ाए

दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

नगर के बजरंग चौराहा पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम पर रुपए निकाले ने आएं शिक्षक के साथ एटीएम पर आए दो बदमाशों ने शिक्षक को बातों में उलझाकर चालाकी से एटीएम कार्ड बदलकर 62 हजार 500 रुपए अलग-अलग जगहों से निकाल लिए। शिक्षक द्वारा अपने साथ हुई घटना की शिकायत सम्बंधित बैंक और स्थानीय पुलिस थाने पर दी। शिक्षक धीरज कुमार वर्मा पिता मधुरालाल वर्मा निवासी बावई जो कि बावई में ही शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं, ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार को दोपहर तीन बजे वह सोनकच्छ के बजरंग चौराहा पर स्थित एसबीआई के एटीएम पर रुपए निकालने आया था। यहां पर एटीएम से रूपए निकाल रहा था कि इसी बीच एटीएम में दो बदमाश आए और उन्होंने बटन दबाने के बहाने बड़ी चालाकी से मेरा एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया और उनके पास का एटीएम कार्ड मुझे दे दिया, एटीएम कार्ड एक ही बैंक व एक जैसा होने के कारण मैं एटीएम कार्ड बदल जाने की जानकारी नहीं हुई। कुछ देर बाद एटीएम से रुपए निकालने के मैसेज मोबाइल फोन पर आए तो घटना का पता चला। बदमाशों ने मेरे एटीएम कार्ड से क्रमशः तीन अलग-अलग जगहों पर से कुल 62 हजार 500 रुपए निकाल लिए। एटीएम धारक धीरज कुमार वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

**Change in Name**

I **SMITA MEHTA W/O RAJENDRA MEHTA** here by Declare That I have changed My name as **SHEETAL MEHTA W/O RAJENDRA MEHTA** so, from now and in future I will be known by my new name.

**SHEETAL MEHTA**
**W/O RAJENDRA MEHTA**
Add:78, AADA BAZAR, PANDHARINATH, NEAR PANDHRINATH POLICE STATION, INDORE, MP.452007

**Change in Name**

I **RAJU MEHTA S/O NEMEECHAND MEHTA** here by Declare That I have changed My name as **RAJENDRA MEHTA S/O NEMEECHAND MEHTA** so, from now and in future I will be known by my new name.

**RAJENDRA MEHTA**
**S/O NEMEECHAND MEHTA**
78- AADA BAZAR,DAKSHIN INDORE, M.P.

---

# जिले के ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया

दबंग दुनिया ♦ देवास

अतिरिक्त सचिव भारत सरकार पेयजल और स्वच्छता विभाग चन्द्रभुषण कुमार मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, नई दिल्ली, वी.एस.चोधरी एम.डी. (जल निगम), भोपाल एवं के.के. सोनगरीया, प्रमुख अभियंता , भोपाल द्वारा देवास जिले के अगेरा, खोनपिर पिपल्या एवं क्षिप्रा सुकल्या ग्रामों की नलजल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम के संरपंच, सचिव, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन के साथ नलजल योजना के संचालन, जलकर तथा पानी की जॉच संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं ग्राम में जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त सचिव द्वारा ग्रामीण विकास की परिकल्पना से ग्रामीणजनों को अवगत कराते हुए ग्रामीणों को जल संचयन एवं प्रबंधन, ग्रेवाटर मैनेजमेंट एवं समग्र स्वच्छता की जानकारी देकर स्व सहायता समूह की महिलाओं को जल जीवन मिशन से जोडकर जलकर एकत्रित करने की जिम्मेदारी देने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान विजय सोलंकी, मुख्य अभियंता, इंदौर, राजीव खुराना, अधीक्षण यंत्री, उज्जैन मंडल, अमीत सिंह, कार्यपालन यंत्री, विजय रावत, सहायक यंत्री, अरूण जैन एवं सुश्री बिंदिया चौहान, उपयंत्रीगण, अतुल जॉट, श्रीमती कमला एवं श्रीमती संगीता ब्लाक समन्वयक तथा गोपाल गुप्ता जिला फेसीलिटेटर, पायलट परियोजना एवं टीम एवं श्रीमती हुमा पठान जिला समन्वयक, पी.एम.यू. उपस्थित थे।

# विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुए नि:शुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर

दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय देवास सहित जिले के सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शिविर जिला अस्पताल देवास में आयोजित शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परिक्षण आर्थोपेंडिक, नेत्र रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन, सर्जरी, डेंटल तथा मनोराग चिकित्सक द्वारा किया गया। शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण दवाईयां और उचित सलाह दी गयी। साथ ही व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को बीसीजी का टीका भी लगाया गया।



राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डॉ बी.आर शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र कि स्वास्थ्य संस्थाओं में भी शिविर आयोजित किये गये। हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही शारीरिक गतिविधियों में योग सत्रों का आयोजन किया गया। शिविर में समस्त लक्षित हितग्राहियों को एडल्ट बी.सी.जी. अभियान अंतर्गत टीकाकृत किया गया। संस्था में पदस्थ नेत्र सहायक के माध्यम से आँखों की जांच कर मोतियाबिंद के लिए चिन्हित मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार कर निःशुल्क आपरेशन जिला चिकित्सालय में किये जायेंगे।

Yellow Diamond

**PRATAAP SNACKS LIMITED**

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore - 452020, Madhya Pradesh, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605; CIN: L15311MP2009PLC021746, Website : www.yellowdiamond.in
E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

**EXTRACT OF AUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH 2024**

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2024 Audited (Refer Note 3) | 31.12.2023 Unaudited | 31.03.2023 Audited (Refer Note 3) | 31.03.2024 Audited | 31.03.2023 Audited |
| Total revenue from operations | 38,810.18 | 40,830.62 | 38,662.28 | 1,61,793.12 | 1,65,293.22 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items) | 1,690.37 | 1,952.24 | 362.86 | 7,741.19 | 151.28 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 1,690.37 | 1,952.24 | 362.86 | 7,645.28 | 151.28 |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 1,237.97 | 1,079.38 | 2,160.94 | 5,312.26 | 2,031.18 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1,239.98 | 1,084.13 | 2,169.39 | 5,337.01 | 2,079.15 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,193.67 | 1,192.97 | 1,172.65 | 1,193.67 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | 71,682.20 | 66,450.66 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | |
| Basic - INR | 5.19 | 4.52 | 9.06 | 22.26 | 8.51 |
| Diluted - INR | 5.17 | 4.51 | 9.06 | 22.22 | 8.51 |

**Notes:**

1 The above Ind AS financial results of the Company have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 20 May 2024.

2 The Company has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 The figures of the quarter ended 31 March 2024 and 31 March 2023 are balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the unaudited published year-to-date figures upto 31 December for the respective years which were subjected to limited review.

4 The above is an extract of the detailed format of Audited Ind AS Financial Results for the Quarter and Year ended 31 March 2024, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Ind AS Financial Results for the Quarter and Year ended 31 March 2024 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

**Place: Indore**
**Date: 20th May, 2024**

**For Prataap Snacks Limited**
**Amit Kumat**
**MD and CEO**

ANIL PUB.